Exam. Code: 0009
Sub. Code: 0705

1129

B.A./B.Sc. (Hons.)-5th Semester

Hindi

Paper-III(A)

Time allowed: 3 Hours Max. Marks: 90

**नोटः– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

-*-*-*-

I. निम्नलिखित व्याख्यांशों में से किन्हीं दो की संदर्भ एवं काव्य–सौन्दर्य सहित व्याख्या कीजिए–

(क) देश के बंटवारे के बाद सड़कों–रास्तों पर खून के छींटे सूख गए थे पर उनके दाग अभी मिटे नहीं थे, जलते घरों की आग तो ठंडी पड़ चुकी थी पर उनके काले कंकाल अभी भी जगह–जगह खड़े थे। बंटवारे के समय का जुनून तो बहुत ठंडा पड़ चुका था, पर उसका बचा–खुचा प्रभाव अभी भी लोगों के जहनों में से मिटा नहीं था।

अथवा

मुकद्दमा बराबर अभी चल रहा है। इस बीच मेरी कनपटियों के बाल सफेद हो चुके हैं। इस बीच मेरी पत्नी दो बच्चों की माँ बन चुकी है। मुकद्दमें के तीन मजिस्ट्रेट बदले जा चुके हैं। दो सरकारे बदल चुकी हैं, लेकिन मेरे स्कूटर के चोर का अभी तक सही तौर पर पता नहीं चल पाया, तहकीकात बराबर जारी है।

(ख) उस १९ वर्ष की युवती की दयनीयता आज समझ पाती हूँ जिसके जीवन के सुनहरे स्वप्न गुड़ियों के घरौंदे के समान दुर्दिन की वर्षा में केवल बह ही नहीं गये, वरन् उसे इतना एकाकी छोड़ गए कि उस स्वप्नों की कथा कहना भी न सम्भव हो सका।

अथवा

स्त्री में माँ का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुन्दर है। जब वह इन विशेषताओं के साथ पुरुष के जीवन में प्रतिष्ठित होती है, तब उसका रिक्त स्थान भर लेना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य होता है। (10+10)

II. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

(क) 'लछमा' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

अथवा

संस्मरण के तत्त्वों के आधार पर 'बिन्दा' की समीक्षा करें।

(ख) 'खिलौने' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालें।

अथवा

'मुर्गी की कीमत' कहानी की तात्विक समीक्षा करें। (15+15)

***P.T.O.***

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

(क) बिम्ब की विभिन्न परिभाषाएं देते हुए इसके स्वरूप को स्पष्ट करें।

(ख) प्रतीक पर सारगर्भित नोट लिखें।

(ग) शब्द की अभिधा शक्ति का उदाहरण सहित परिचय दें।

(घ) श्रृंगार अथवा वीर रस के लक्षण देते हुए उदाहरण सहित विवेचन करें। (15+15)

IV. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं पाँच का उत्तर दें:–

(क) सबिया (संस्मरण) के पति और बेटी का नाम बताएं।

(ख) 'साग–मीट' नामक कहानी के दो स्त्री पात्रों के नाम लिखें।

(ग) चाचा मंगल सैन (कहानी) के चरित्र की दो विशेषताएं बताएं।

(घ) सात्विक एवं कायिक अनुभाव में क्या अन्तर है।

(ङ.) महादेवी वर्मा क्या सुनाकर भाभी (संस्मरण) की आँखें गीली कर चुकी थी।

(च) रामा के पास सजने के लिए क्या–क्या था?

(छ) 'खिलौन' नामक कहानी के दो पात्रों के नाम लिखें।

(ज) करूण रस एवं भयानक रस का स्थायी भाव लिखें। (5x2)

-*-*-*-